**केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र**
**Sample Question Paper for Practice only**
**हाईस्कूल परीक्षा - 2024**
**High School Examination-2024**
**विषय - हिन्दी**
**Subject - Hindi**

| Total Question | Total Printed Pages | Time | Maximum Marks |
|---|---|---|---|
| 23 | 4 | 3 hours | 75 |

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं |
v. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं |
vi. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं |
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी पद्य साहित्य को विभाजित किया है –

(अ) तीन कालों में (ब) चार कालों में (स) सात कालों में (द) आठ कालों में

ii. परशुराम को व्यंग्य भरे उत्तर दिए –

(अ) राम ने (ब) जनक ने (स) लक्ष्मण ने (द) विश्वामित्र ने

iii. "रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यं" परिभाषा है -

(अ) आचार्य विश्वनाथ की (ब) पं. जगन्नाथ की (स) भरतमुनि की (द) मम्मट की

iv. 'संस्कृति' पाठ में न्यूटन को कहा गया है -

(अ) एक वैज्ञानिक (ब) दिशा दिखाने वाला (स) संस्कृत मानव (द) आदि मानव

v. क्रिया विशेषण में विशेषता बताई जाती है -

(अ) क्रिया की (ब) सर्वनाम की (स) काल की (द) संज्ञा की

vi. भोलानाथ और उसके साथी अपने घरौंदे के किवाड़ बनाते थे -

(अ) पेड़ के पत्तों से (ब) लकड़ी से (स) कागज से (द) दियासलाई की पेटियों से

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए –** **(1x6=6)**

i. -----------------कविता फागुन की मादकता को प्रकट कर रही है | (उत्साह/फसल/अट नहीं रही है)
ii. जहाँ एक शब्द का समान अर्थ में एक से अधिक बार क्रमशः प्रयोग होता वहाँ ---------------अलंकार होता है । (दृष्टांत/पुनरुक्तिप्रकाश/मानवीकरण)
iii. जिन छंदों की रचना मात्राओं की गणना के आधार पर होती हैं, उन्हें -----------छंद कहते हैं | (मात्रिक/वर्णिक/सवैया)
iv. शहनाई बजाने के लिए -----------------का प्रयोग होता है | (लकड़ी/रीड/बाँस)
v. 'यशोगान'---------------संधि का उदाहरण है | (स्वर/व्यंजन/विसर्ग )
vi. कवी –लोंग स्टॉक में -------------फिल्म की शूटिंग हुई थी | (उपकार/गाइड/बॉर्डर)



Downloaded from cclchapter.com

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए –** **(1x6=6)**

i. वात्सल्य और श्रृंगार रस के श्रेष्ठ कवि सूरदास को माना गया है |
ii जहाँ किसी वस्तु या विषय का वर्णन बढ़ा-चढ़ाकर किया जाए वहाँ 'अन्योक्ति अलंकार' होता है ?
iii. मन्नू भण्डारी अपने भाइयों के साथ गुल्ली डंडा भी खेलती थी |
iv. रेखाचित्र को शब्दचित्र भी कहते है |
v 'राम बाजार जाता है |' एक आज्ञावाचक वाक्य है |
vi. हिरोशिमा भारत में है |

**4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x6=6)**

| | **स्तम्भ (अ)** | | **स्तम्भ (ब)** |
|---|---|---|---|
| i | आधुनिक कबीर | (क) | जो उपजी सो भई हमारी |
| ii | चौपाई | (ख) | अग्रणी |
| iii | बालमखीरा | (ग) | छ: |
| iv | समास के प्रकार | (घ) | कबीरदास |
| v | सबसे आगे रहने वाला | (च) | सममात्रिक छंद |
| vi | ऊँच नीच में बई कियारी | (छ) | लखनऊ |
| | | (ज) | नागार्जुन |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **(1x6=6)**

i. कवि निराला का 'उत्साह' गीत किसे संबोधित है ?
ii 'रस' किसे कहते हैं ?
iii. 'संस्कृति' निबन्ध हमें किससे टकराने की प्रेरणा देता है ?
iv. वीर रस की कविताओं में कौन सा शब्द गुण होता है ?
v. रहस्यमयी तारों भरी रात लेखिका मधु कांकरिया के मन में क्या जगा रही थी ?
vi. लेखक अज्ञेय ने 'हिरोशिमा' कविता कहाँ बैठकर लिखी थी ?

6. रीतिकालीन काव्य की कोई - दो विशेषताएँ / प्रवृत्तियाँ लिखिए। **(2)**

**अथवा**

नई कविता की कोई - दो विशेषताएँ/ प्रवृत्तियाँ लिखिए।

7. तुलसीदास **अथवा** जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(2)**
i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष – कलापक्ष

8. परशुराम ने सहस्त्रबाहु का वध क्यों किया था ? लिखिए | **(2)**

**अथवा**

स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि जयशंकर प्रसाद का क्या आशय है ?

9. कवि नागार्जुन ने फसल को हज़ार –हज़ार खेतों की मिट्टी का गुण-धर्म क्यों कहा है ? लिखिए | **(2)**

**अथवा**

संगतकार किन – किन मुख्य रूपों में मुख्य गायक – गायिकाओं की मदद करते हैं ?

10. महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई - दो अंतर लिखिए | **(2)**

**अथवा**

स्थायीभाव और संचारीभाव में कोई - दो अंतर लिखिए ||

11. दोहा छंद के लक्षण उदाहरण सहित लिखिए | **(2)**

**अथवा**

मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए |

12. 'आना एक उनि' सूत्र के अनुसार गद्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए | **(2)**

**अथवा**

नाटक और एकांकी में कोई –दो अंतर लिखिए |

13. रामवृक्ष बेनीपुरी **अथवा** यतीन्द्र मिश्र की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(2)**
i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली



Downloaded from cclchapter.com

14. कैप्टन बार बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता था ? लिखिए | **(2)**

**अथवा**

बालगोबिन भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

15. सुषिर वाद्यों से क्या अभिप्राय है? शहनाई को 'सुषिर-वाद्यों' में शाह की उपाधि क्यों दी गई है? **(2)**

**अथवा**

किन महत्त्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सुई - धागे का आविष्कार हुआ होगा ? लिखिए |

16. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – **(2)**

i. पूरब की और बहने वाली हवा

ii. जिसे बाँटा न जा सके

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए –

i. एक और एक ग्यारह होना

ii. इति श्री होना

17. भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता हैं ? लिखिए | **(2)**

**अथवा**

गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा जाता है |

18. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - **(3)**

ऊधौ, तुम हौं अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माँह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति नदी मैं पाँऊ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
सूरदास अबला हम भोरी, गुर चोंटी ज्यौं पागी।।

**अथवा**

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण

19. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – **(3)**

हाथ उठा उठाकर नारे लगाती, हड़तालें करवाती, लड़कों के साथ शहर की सड़कें नापती लड़की को अपनी सारी आधुनिकता के बावजूद बर्दाश्त करना उनके लिए मुश्किल हो रहा था तो किसी की दी हुई आजादी के दायरे में चलना मेरे लिए। जब रगों में लहू की जगह लावा बहता हो तो सारे निषेध, सारी वर्जनाएँ और सारा भय कैसे ध्वस्त हो जाता है, यह तभी जाना और अपने क्रोध से सबको थरथरा देने वाले पिता जी से टक्कर लेने का जो सिलसिला तब शुरू हुआ था, राजेन्द्र से शादी की, तब तक वह चलता ही रहा।

**अथवा**

संस्कृति के नाम से जिस कूड़े-करकट के ढेर का बोध होता है, वह न संस्कृति है न रक्षणीय वस्तु। क्षण-क्षण परिवर्तन होने वाले संसार में किसी भी चीज को पकड़कर बैठा नहीं जा सकता। मानव ने जब-जब प्रज्ञा और मैत्री भाव से किसी नए तथ्य का दर्शन किया है। तो उसने कोई वस्तु नहीं देखी है, जिसकी रक्षा के लिए दलबंदियों की जरूरत है। मानव संस्कृति एक अविभाज्य वस्तु है और उसमें जितना अंश कल्याण का है, वह अकल्याणकर की अपेक्षा श्रेष्ठ ही नहीं स्थायी भी है।



Downloaded from cclchapter.com

20. हाथ घड़ी का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | **(3)**

**अथवा**

वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए |

21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(4)**

पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले।
पुस्तकों में है नहीं
छापी गयी इनकी कहानी,
हाल इनका ज्ञात होता
है न औरों की जबानी,
अनगिनत राही गए इस
राह से उनका पता क्या,
पर गए कुछ लोग इस पर
छोड़ पैरों की निशानी,

प्रश्न – i. उपर्युक्त पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |
ii. चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?
iii. उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए |

**अथवा**

मनुष्य का जीवन बहुत संघर्षमय होता है । उस पग -पग पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । फिर भी ईश्वर के द्वारा जो मनुष्य रूपी वरदान की निर्मिति इस पृथ्वी पर हुई है मानव धरती का रूप ही बदल गया है यह संसार कम करने वाले मनुष्य के आधार पर ही टिका हुआ है देवता भी उनसे ईर्ष्या करते हैं मनुष्य अपने कर्मबल के कारण श्रेष्ठ है। धन्य है। मनुष्य का जीवन।

प्रश्न – i. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |
ii. मनुष्य किस कारण श्रेष्ठ माना गया है ?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए |

22. अपने जिले के जिलाधीश को ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने हेतु आवेदन - पत्र लिखिए | **(4)**

**अथवा**

हाई स्कूल परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को एक बधाई- पत्र लिखिए |

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – **(4)**

i. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व
ii. मोबाइल के लाभ और हानि
iii. जल ही जीवन है
iv. पर्यावरण सुरक्षा
v. मेरी दिनचर्या



Downloaded from cclchapter.com